तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 18 जुलाई 2024

4 पहले कब्जा, फिर बेचान और फिर आगे किराए पर देने का गोरखधंधा





## खबर संक्षेप

### सिंचाई के लिए बांगो नहर से पानी छोड़ने की मांग

**खरसिया।** क्षेत्रीय विधायक उमेश पटेल के प्रतिनिधि सुकदेव डनसेना ने हसदेव बांगो नहर खरसिया क्षेत्र में पानी छोड़ने को लेकर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों पर दूजा व्यवहार किए जाने के आरोप लगाया है। उन्होंने एसए ई साहब हसदेव बांगो परियोजना बिलासपुर को पत्र लिखकर कहा है कि सही मात्रा में बारिश नहीं होने के कारण खरसिया क्षेत्र में खेतों में पानी की कमी है। ऐसे में कृषक पानी के लिए हसदेव बांगो नहर पर निर्भर है परन्तु खरसिया क्षेत्र की नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी नही छोड़ा जा रहा है। आपके अधीनस्थ कर्मचारी का कहना है कि शक्ति और जांजगीर के अधिकारी खरसिया से भारी पड़ रहे हैं। खरसिया में पानी बढ़ने ही नहीं दिया जा रहा है।



### पिता की डांट से आहत बालिका ने लगाई फांसी

**रायगढ़।** पिता की मोबाइल नहीं चलाने की नसीहत एक 17 वर्षीय युवती को इस तरह नागवार गुजरी कि बालिका ने पिता की डांट से आहत होकर मौत को गले लगा लिया। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तुर्कापारा की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तुर्कापारा निवासी नीलम देवांगन पिता भोलेश्वर देवांगन वर्तमान में कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण होने के बाद कॉलेज में प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के लिए फार्म लेकर महाविद्यालय में दाखिला लेने वाली थी। परिजनों ने बताया कि बालिका काफी देर तक मोबाइल चलाती रहती थी, ऐसे में परिजन उसे अक्सर मोबाइल चलाने के बजाए पढ़ाई करने को कहते थे।

### शराब पीने से रोका तो पी लिया कीटनाशक, मौत

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी युवक को उसकी पत्नी ने शराब का सेवन नहीं करने की समझाइश दी तो उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुखदेव यादव पिता लाला यादव उम्र 30 वर्ष निवासी सराईपाली रेंगाली का विवाह कांदागढ़ पुसौर में हुआ। वह शादी के बाद कांदागढ़ में ही अपनी पत्नी के साथ रह कर लारा एनटीपीसी में काम करता था। बीते दिनों जब उसकी पत्नी ने उसे शराब पीने से मना किया तो वह इस बात से नाराज होकर सराईपाली आ गया। जहां से वह वापस जाने के लिए सराईपाली से निकला था। कुछ देर बाद सुखदेव की पत्नी से उसके भाई को फोन कर बताया कि उसने जहर सेवन कर लिया है। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### समलेश्वरी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन



**रायगढ़।** जिले के पुसौर विकासखंड के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मिडमिडा आश्रित गांव लहंगा पाली जो कि केलो नदी के किनारे स्थित है और हाइवे उनचास ओडिशा रोड से भी लगा है जहां नव निर्मित मां समलेश्वरी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्य क्रम 13 जुलाई दिन शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ वही 14 जुलाई को पुजा स्थापना के साथ पन्द्रह जुलाई को राज्य अधिवास और सोलह जुलाई को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हवन गर्भ गृह प्रवेश पुरणाहुति एवं महा प्रसाद वितरण किया गया। काफी संख्या में भक्त श्रद्धालु जन शामिल रहे वही मंदिर के निर्माण से भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समापन तक आनंद यादव मलिक का विशेष योगदान रहा।

# घर को सोलर से रोशन करने में बाधक पोर्टल, तीन माह से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पीएम सूर्यघर योजना के पोर्टल में गड़बडी के कारण शहर के आवेदन लंबित हैं। इससे घर की छतों पर सोलर प्लांट की स्थापना अधर में है। पीएम सूर्यघर का नेशनल पोर्टल बीते तीन माह से खराब है। इसलिए लक्ष्य के 5 फीसदी प्लांट नहीं लग सके हैं। जबकि जिले की 50 फीसदी बिजली यानी 300 मेगावाट सोलर से उत्पादित करने की योजना है। सोलर प्रोजेक्ट के नोडल ने बताया कि नेशनल पोर्टल में तीन माह से तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। दिल्ली से इसका संचालन होता है। हमने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।रजिस्ट्रेशन करवाने पर भी पहले से ही रजिस्टर्ड का मैसेज आना। आइवीआरएस नंबर डालने पर अन्य उपभोक्ता का डाटा दिखना। लॉग इन करते समय पोर्टल का दिया ओटीपी अस्वीकार। बिजली कंपनी को एडिट का ऑप्शन नहीं है।

बिजली कंपनी के लिए पोर्टल पर डिलीट बटन सक्रिय नहीं। सोलर वेंडर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करता है तो दिखती नहीं। पोर्टल में प्रगति संबंधी आंकड़े ना दिखना या गलत आंकड़ा बताना। स्वीकृत भार से बराबर या कम का आवेदन देने पर अधिक भार का बताना। रजिस्टर्ड वेंडर के नाम पोर्टल पर दिख नहीं रहे। योजना में 78 हजार रुपए की सब्सिडी मिलती है इसका लाभ नहीं मिल रहा ।

**पीएम सूर्यघर योजना नेशनल पोर्टल में अटके आवेदन**

#### जिले में ये स्थिति

25 हजार सोलर प्लांट का लक्ष्य अप्रेल 2024 तक के लिए। 5 फीसदी भी अब तक नहीं हो पाए स्थापित। 3 माह से केंद्रीय पोर्टल में तकनीकी दिक्कत। 2200 मेगावाट बिजली की खपत शहर में। 846 मेगावाट बिजली सोलर से बनाने का लक्ष्य। 78 हजार रुपए सब्सिडी है तीन किलोवॉट के पैनल पर।5 जून 2024 से फिर शुरू हुई सब्सिडी।



#### एकसपर्ट व्यू

सोलर प्लांट हर घर की छत पर लगना चाहिए। इसके लिए सरकारी सिस्टम को मजबूत बनाना चाहिए। लोगों के लिए ये नई चीज है और इसके शुरुआत में ही दिक्कत आएगी तो फिर वे इससे दूर हटेंगे। पूरी योजना को यूजर फ्रेंडली बनाना चाहिए।

-पी. सुरेश
सोलर इंजीनियर

## फूड पॉइजनिंग, पीलिया और टाइफाइड की बीमारियां बढ़ी

# बच्चों की सेहत पर मौसम का असर अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

**बारिश में भींगने से बचें, संक्रमण की चपेट में आए लोगों से दूरी बनाए रखें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मौसम में बदलाव का असर बड़ों के साथ बच्चों के सेहत पर भी पड़ा है। एलर्जी, फूड पॉइजनिंग, पीलिया, टाइफाइड के मरीज क्लीनिक और निजी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। मौसमी बीमारियों को लेकर डॉक्टरों का कहना है अभी पैनिक जैसी कोई बात नहीं है अभी सिर्फ और सिर्फ मौसमी बीमारियां ही अपने पैर पसार रही हैं। हालांकि इसमें कुछ संक्रमण जनित भी हैं जिनसे बाहर खान पान से बच्चों को बीमार होने से बचा सकता है।

बारिश और खुले मौसम से रायगढ में लोगों की तबीयत खराब हो रही है। मौसमजन्य बीमारियों की गिरफ्त में बच्चे सबसे अधिक हैं। खांसी, जुकाम, उल्टी दस्त, बुखार की शिकायत लेकर डॉक्टर के पास पहुंच रहे हैं। इलाज में डॉक्टरों को तीन से 15 दिन तक लग रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बीमार होने से बचाने के लिए सावधानी जरूरी है। देखा जा रहा है बाहर का खान पान, भीड़ भाड़ जगहों पर जाने से बच्चे बीमार हो रहे हैं। इसलिए बारिश के समय भींगने से बचें और संक्रमण की चपेट में आए लोगों से दूरी बनाकर चलें।



**बारिश में बीमारियों से बचने करें ये उपाय**

आरओ न होने पर उबाले हुए पानी का इस्तेमाल करें। बाहर की खाद्य सामग्री खाने से बचें। हाइजेनिंक भोजन बच्चों को दें। ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन कराएं। कोल्डिंक का सेवन न करने दें। भीड़ भाड़ वाली जगहों पर बच्चों को न ले जाएं। कोशिश करें सार्वजनिक स्थानों पर मॉस्क का उपयोग करें। अगर बच्चों को वैक्सीन नहीं लगी है तो वैक्सीनेशन कराएं। हेपेटाटिज एटाइफाइट का वैक्सीनेशन लगा।

#### गुनगुने पानी से कराएं स्नान

डॉ. सक्सेना का कहना है कि बारिश के समय इस तरह की बीमारियां होती हैं। बच्चों में इस समय खुजली की समस्या भी देखी जा रही है। स्कूल से आने पर बच्चे को गुनगुने पानी से स्नान कराएं। खाने से पहले हाथ धोने को कहें।

#### निगम करे कार्रवाई

बारिश के सीजन में खुले में बिक रही खाद्य सामग्री बेहद खतरनाक होती है। ठालों, होटलों में खुले में रखकर सामान बेचा जा रहा है। नगर निगम को ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जरूरत है। नाश्तों के ठेलों और दुकानों के आसपास स्वच्छता को लेकर लापरवाही का आलम है।

#### 50-70 मरीज आ रहे रोज

बाल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रघुबर पटवा का कहना है क्लीनिक पर हर दिन 50-70 बच्चे आ रहे हैं। सभी डॉक्टरों की बात करें तो यह संख्या दस गुना हो सकती है। सर्दी जुकाम एक से दूसरे फैलने की प्रवृत्ति देखी जा रही है। घर में एक को होने पर अन्य सदस्य भी प्रभावित हो रहे हैं। घर में एक पेसेंट होने पर संक्रमित होने से बचा सकता है।

# हड़ताल में नहीं दिया समर्थन, संघ ने किया तीन पटवारियों को निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पटवारी संघ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ के पहल से अनिश्चितकालीन हड़ताल में सम्मिलित नहीं होने एवं संघीय गतिविधिया में उपस्थित नहीं होने से जिला संघ के कोषाध्यक्ष पद से पृथक किये जाने हेतु प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किया गया।जाने हेतु प्रस्ताव सर्वसहमति से पारित किया गया।

जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के पटवारी संघ द्वारा बैठक किया गया। चर्चा करने के पश्चात यह उपस्थित सदस्यों के द्वारा 11 जून से अब तक पटवारी संघ के हड़ताल में अनुपस्थित पाये जाने के फलस्वरूप उन पटवारीयो को प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया। यह प्रस्ताव पंडाल में उपस्थित सदस्यों के सर्वसहघ्मति से पारित किया गया एवं राज्य के सभी से भी उन्हें पृथक किया जाए। हडताल स्थल पर सर्वसहमति से यह प्रस्ताव लाया गया राजस्व पटवारी संघ के जिला शाखा की सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सदस्य जो पिछले दिनांक 12 जून 24 से लगातार आज दिनांक तक हड़ताल स्थल में अनुपस्थित हैं, एवं जो हड़ताल के बीच हड़ताल छोडक़र कार्य कर रहे हैं तथा जो हड़ताल में सम्मिलित नहीं होना चाहते हैं। पंडाल में सदस्यों व पटवारीगणों की उपस्थित में जिसमें पदाधिकारियों सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निम्नांकित अनुपस्थित पटवारियों को संघ से निष्कासित किया जाए। जिसमें पटवारी कृष्ण कुमार साहू, संताष पांडेय, यशवंत ठाकुर इन तीनों को जिला पटवारी संघ से हटाया जाता है साथ ही साथ इनको पद से पृथक करते हुए इनकी सदस्यता भी समाप्त की जाती है।

**खास बात**

- सारंगढ़ में एक माह से हड़ताल पर पटवारी संघ

# रोड किनारे खड़े हाइवा से बैटरी चुराने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सडक किनारे खड़े वाहन से बैटरी चोरी करने के आरोपियों को पुलिस ने माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक रानी सागर खरसिया निवासी अमित कुमार पांडे उम्र 26 साल मूल निवास चिल्हकी, औरंगाबाद बिहार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि रानी सागर के पुराना रोड़ में अपनी हाईवा वाहन क्रमांक ओडी 09 पी 1015 को खड़ी किया था।

16 जुलाई के शाम देखा तो हाईवा की एक बैटरी को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। बैटरी चोरी के रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपी के अपराध धारा 303,2 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। माल मुल्जिम की पतासाजी के लिए थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू द्वारा अपने मुखबीरों को सक्रिय कर सूचना देने निर्देशित कियेए शीघ्र ही मुखबिर द्वारा महुआपाली में रहने वाले कृष्णा सोनवानी पर बैटरी चोरी का संदेह व्यक्त किया जिसे तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा चाहत ढाबा के पास हिरासत में ली।

संदेही से बैटरी चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर बैटरी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के मेमोरेंडम पर चोरी गई बैटरी कीमती करीब 11,000 रुपए का जब्त किया गया तथा आरोपी कृष्णा सोनवानी पिता छोटकू सोनवानी उम्र 26 साल निवासी महुआपाली भाटापारा थाना खरसिया जिला रायगढ़ को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर खरसिया पुलिस द्वारा आरोपित को जेल दाखिल किया गया है।

अपराध कायम होने के 24 घंटे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी एवं मशरूका की बरामदगी में की कार्रवाई में थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर और प्रदीप तिवारी की अहम भूमिका रही है।



चोरी का माल बरामद

# जोबी महाविद्यालय में एनईपी 2020 इंडक्शन कार्यक्रम

**रायगढ।** शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी.बर्राए में आगामी 01 से 03 अगस्त तक आयोजित होने वाले इंडक्शन कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस नीति का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, समानता और जवाबदेही में वृद्धि करने के साथ साथ शिक्षा ग्रहण करने के दौरान विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली समस्याओं को दूर करते हुए रोजगार मूलक उन्मुखीकरण को भी बढ़ावा देना है। इस संबंध में जोबी महाविद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार थवाईत से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंडक्शन कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति में किए गए हालिया बदलावों के बारे में विद्यार्थियों को अपडेट किया जाना है। इसके लिए उन्होंने खासतौर पर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों से अपील की है कि सभी विद्यार्थी इस कार्यक्रम में उपस्थित हो कर नई शिक्षा नीति 2020 से अवगत होवें और इसका अध्ययन करें। बता दें कि इस इंडक्शन कार्यक्रम में एनईपी 2020 के लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षित वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक वासुदेव प्रसाद पटेल और उनकी टीम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को इस संबंध में उत्पन्न होने वाली शंकाओं का त्वरित समाधान भी बतलाया जाएगा। सहायक प्राध्यापक सुरेन्द्र पाल दर्शन ने बताया कि महाविद्यालय में बीए बीएससी और बी कॉम के प्रथम सेमेस्टर से प्रवेश प्रारम्भ हो चुके हैं। विद्यार्थियों को प्रवेश लेते समय कोई समस्या या दिक्कत न आए और उन्हें विषय चुनाव आदि के लिए सटीक सुझाव मिल सके, इसके लिए महाविद्यालय में 15 जुलाई से ओपन काउंसलिग शुरू कर दी गई है। नए आवेदनों के लिए पोर्टल भी ओपन किया गया है।

# सोने से भरे बैग लूट मामले में पुलिस के हाथ खाली

**रायगढ।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चक्रधर नगर चौक में ज्वेलर्स से भरा बैग लूट कर भागने वाले नकाबपोश लुटेरे अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। अब तक पुलिस ने कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा सरगुजा संभाग के सीमावर्ती जिले में दबिश दी, किंतु अब तक पुलिस को लूटेरों से संबंधित कोई पुख्ता सबूत नहीं मिल पाए हैं। हालांकि इस मामले में धरपकड़ तेज कर दी गई है, और चार टीमें तैनात की गईं हैं जो हर एंगल से इस मामले की जांच कर रही हैं।

गौरतलब है कि बीते मंगलवार की रात चक्रधरनगर स्थित ओम ज्वेलर्स के संचालक नटवर अग्रवाल ने करीब 31.5 लाख रूपए कीमती ज्वेलर्स से भरा बैग को दुकान में कार्यरत दो सेल्स गर्ल्स को सरला विला स्थित अपने घर में छोड़ने को भेजा था। किंतु इसी बीच चक्रधरनगर चौक में ही दो नकाबपोश बाइक सवारों ने सेल्स गर्ल्स से इस बैग को लूट लिया और फरार हो गए। बताया जा रहा है कि मंगलवार की उस रात को दुकान बंद करने से पहले नटवर अग्रवाल ने अपनी दुकान में काम करने वाली सेल्स गर्ल्स निशा पटेल, निशा साव, निकिता पटेल और अंशू कुशवाहा के साथ आभूषण समेट कर बैग में डाला। तीन थैले बनाए थे। एक में 420 ग्राम सोने के आभूषण थे। दुकान में दिनभर हुई बिक्री के 80 हजार रुपए नगद भी थे। निशा साव और निकिता पटेल को दोनों उक्त थैले करे देकर घर भेजा। दुकान में 1200 ग्राम जेवर थे। बाकी के आभूषण तीसरे थैले में नटवर खुद घर लेकर जाने वाले थे। इस बीच सरला क्लिा और मिश्रा कॉम्प्लेक्स के सामने दो पहिया वाहन से आए और सेल्स गर्ल के बाल खींचे, इससे पहले की वह संभल पाती बदमाशों ने उसके हाथ से थैला छीना और बाइक स्टार्ट कर फरार हो गए। वहीं रुपयों से भरा बैग बदमाश नहीं छीन सके। निशा दौड़कर दुकान आई और लूट की जानकारी दुकान संचालक को दी।



#### चार टीमें जांच में जुटी

अहम बात यह है कि इस घटना की सूचना के बाद तत्काल एएसपी और चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंचे। जिसके बाद चक्रधर नगर चौक स्थित तमाम दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। किंतु इसमें जो फुटेज पुलिस को मिले उसमें बाइक की तेज हेडलाइट की रोशनी में बाइक का नंबर सहित नकाबपोश लुटेरों के संबंधित अन्य साक्ष्य नहीं मिल पाए। ऐसे में उनके जिस ओर जाने की संभावना थी, उन सभी मार्गों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, किंतु कोई खास सुराग पुलिस को नहीं मिल सका। हालांकि पुलिस भी इस बात को मान रही है कि इस घटना से पहले लुटेरों में कुछ दिन तक दुकान व गतिविधियों की रैकी की, जिसके बाद ही घटन को अंजाम दिया।

#### कई एंगल से की जा रही जांच

पुलिस को नट गिरोह के होने की शंका हुई, जिसके बाद पड़ोसी जिलों सहित सरगुजा संभाग के सीमावर्ती जिले में दबिश देते हुए साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया गया। किंतु पुलिस को अब तक कोई साक्ष्य नहीं मिल सके हैं। वहीं लुटेरे जिस बाइक से वारदात को अंजाम देकर फरार हुए, उसक बाइक के बारे में भी पुलिस को कुछ खास सुराग नहीं मिले हैं। हालांकि इस मामले में कई एंगल से जांच की जा रही है।

#### जल्द पकड़ा जाएगा आरोपी

इस मामले मे विवेचना चल रही है। हर एंगल से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

-आकाश मरकाम
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रायगढ़

**मरम्मत पूर्ण होने तक भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग शुरू**

# गोवर्धनपुर पुल का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुके गोवर्धन पुल का अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया। इस दौरान एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवशी एवं तहसीलदार लोमस मिरी उपस्थित रहे।

अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने कहा कि भारी वाहनों के परिवहन के लिए यह पुल उपयुक्त नहीं है। उन्होंने ईई पीडब्ल्यूडी सेतु को क्षतिग्रस्त हिस्से पर लाल झंडी, रेत बोरियां, रेडियम एवं बेरीकेटिंग तत्काल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुल का मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ करने और वाहनों के मरम्मत कार्य के दौरान भारी वाहनों के परिवहन हेतु अन्य वैकल्पिक मार्ग की चिन्हांकित करने हेतु एसडीएम रायगढ़ और डीएसपी ट्रैफिक को निर्देशित किया गया। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने आयुक्त नगर निगम को पुल में स्थित अमृत मिशन के वाटर पाइप हटाने हेतु प्राक्कलन तैयार कराने के निर्देश दिए ताकि पुल की आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में इस पुल पर प्रतिदिन 700 से अधिक भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे दुर्घटना की आशंका को देखते हुए आज जिला प्रशासन द्वारा यहां निरीक्षण कर भारी वाहनों के वैकल्पिक रूट के प्रचार प्रसार हेतु कार्रवाई किया गया। तहसीलदार श्री मिरी ने वैकल्पिक मार्ग के संबंध के बताया कि वाहनों के लिए एनएच से बाबा धाम के पास वाले ओवर ब्रिज से उर्दना चौक से पूंजीपथरा से तमनार से ग्राम संबलपुरी रोड भारी वाहनों का आवागमन किया जाना उचित होगा। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी ईई सेतु रमेश कुमार वर्मा, एसडीओपी पीडब्ल्यूडी सेतु एनआर भगत आरबी भगत एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# कोड़ातराई आत्मानंद विद्यालय भवन जर्जर, बरसात में टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के विकासखंड पुसौर अंतर्गत ग्राम कोडातराई के स्वामी आत्मानंद हिन्दी अंग्रेजी मिडियम स्कूल में हजारों बिद्यार्थी शिक्षा अध्ययन करने प्रतिदिन आते हैं। जहाँ स्कूल भवन में कमरे के अभाव के कारण दो पाली में बच्चों के क्लास लिया जाता है और भवन विहीन होने के साथ खंडहर हो चुके जर्जर भवन में स्कूली बच्चों को पढाया जा रहा है।

बरसात का मौसम आए चुका है जर्जर भवन में पढ़ने वाले बच्चों तथा उनके बालकों समेत स्कूल के शिक्षक भी सुरक्षा के प्रति भयभीत नजर आने लगे हैं। इस स्कूल में पालकगण अध्ययन कराने अपने बच्चों को दूर दूर से भेज रहे हैं। वहीं विद्यालय भवनों ओर कमरों के हालात एकदम तितर बितर तथा दयनीय हैं। स्कूल के हर कमरे की हालात बहुत ही खराब है। छत से प्लास्टर का गिरना, बरसात के समय छत से पानी का टपकना, खंडहर जर्जर भवन में शिक्षा अध्ययन करना बच्चों के लिए भगवान-भरोसे रह गया है। जहाँ कभी भी अकास्मिक घटना दुर्घटना घट सकती है। शासन प्रशासन को बार बार आवेदन प्रस्तुत करने के बावजूद भी कोई जवाबदार जनप्रतिनिधि या अधिकारी कर्मचारी नजर अंदाज कर रहे हैं। स्वामी आत्मा नंद हिन्दी अंग्रेजी मिडियम स्कूल कोडात्तराई के जर्जर भवन के सुधार जल्दी नही करने पर स्कूली बिद्यार्थी के पालकगण उग्र आदोंलन के लिए सडक़ पर उतरने की चेतावनी भी दिए है।





# 'मनोरथंगल' के ट्रेलर ने जीता फैंस का दिल

**नई दिल्ली।** अपकमिंग मलयालम एंथोलॉजी सीरीज़ 'मनोरथंगल' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता लेखक और पटकथा लेखक-निर्देशक एमटी वासुदेवन नायर के जन्मदिन पर रिलीज किया गया। नायर द्वारा लिखित इस सीरीज़ में एक, दो नहीं बल्कि 9 सुपरस्टार्स नजर आने वाले हैं। इनमें सुपरस्टार ममूटी, मोहनलाल, फहद फासिल, कमल हासन, पार्वती थिरुवोथु और मधु जैसे कई बेहतरीन एक्टर्स का नाम शामिल हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस इसे ब्लॉकबस्टर मास्टरपीस कहते हुए नजर आ रहे हैं और रिएक्शन देते दिख रहे हैं।

लाइफ Style

# जाह्नवी 'डिप्टी हाई कमिश्नर' बनीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया की मोस्ट अवेटेड स्पाई थ्रिलर फिल्म 'उलझ' का दमदार ट्रेलर 16 जुलाई को जारी किया गया। जंगली प्रोडक्शन की फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें सस्पेंस, एक्शन और ड्रामा तीनों का मिक्स देखने को मिला।

नेशनल अवॉर्ड-विनिंग डायरेक्टर सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जान्हवी सबसे कम उम्र की डिप्टी हाई कमिश्नर सुहाना भाटिया का किरदार निभा रही हैं। उनके सिलेक्शन पर सवाल खड़े होते हैं। कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि सुहाना की नियुक्ति में नेपोटिज्म का काफी हाथ है, क्योंकि वह एक समृद्ध परिवार से हैं। वह अपने डिपार्टमेंट में अपनी जगह बनाने के लिए काफी मशक्कत करती हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि जान्हवी लंदन एंबेसी की एक खबरी की तलाश में निकलती हैं और खुद ही उसके जाल में फंस जाती हैं। अपने ऊपर लगे देशद्रोह का आरोप हटाने के लिए और देश की रक्षा करने के लिए वह उन लोगों से भी भिड़ती हैं, जिन्होंने उन्हें और उनके देश को धोखा दिया है। फिल्म में रोशन मैथ्यू, आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मेयांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी हैं। जान्हवी कपूर ने फिल्म का ट्रेलर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'हर किसी के पास एक कहानी है। हर कहानी के सीक्रेट्स हैं। हर सीक्रेट में ट्रैप है। इस 'उलझ' को सुलझाना आसान नहीं है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



# रैपर खलीफा ने मांगी माफी

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर रोमानिया देश से माफी मांगी है। उन्होंने उस देश में परफॉर्मेंस दी थी, और स्टेज पर ही स्मोकिंग करनी शुरू कर दी थी, जिसके कारण पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मगर बाद में उनको रिहा कर दिया गया था। अब उनकी माफी की चर्चा हो रही है। अमेरिकी रैपर विज खलीफा ने सोशल मीडिया पर सभी से माफी मांगी है। दरअसल, उनको रोमानिया में अपनी परफॉर्मेंस के दौरान ड्रग्स के सेवन के लिए गिरफ्तार किया गया था।



# टीवी स्टार किम को पड़ी लताड़...

**मुंबई।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन 12-14 जुलाई के बीच मुंबई में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के उत्सव का हिस्सा थीं। सोमवार को, किम ने सेलिब्रेशन की नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह सफेद और सुनहरे रंग का मनीष मल्होत्रा का लहंगा और चोली पहने हुए थीं। अब रेडिट की एक पोस्ट में दावा किया गया कि किम ने भगवान गणेश की मूर्ति के साथ अपनी तस्वीर शेयर की थी और भारी आलोचना होने के बाद किम ने अपना इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दिया। मंगलवार को, किम की नई तस्वीरों के बारे में एक रेडिट पोस्ट में वह अंबानी की शादी के जश्न के दौरान गणेश की मूर्ति पर अपना चेहरा रखे हुए थीं। एक यूजर ने लिख दिया- भारतीय संस्कृति का अपमान नहीं सहेंगे।



# सहेली की शादी में जाना माही को पड़ा महंगा

**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव इन दिनों वो नाम है जो इस इंडस्ट्री में हर ओर छाया हुआ है।उनके भोजपुरी सॉन्ग रिलीज होते ही खूब पॉपुलर हो रहे हैं और फिर ये भोजपुरी गाना गोल्डी यादव ने गाया हो तो सोने पर सुहागा होना लाजिमी है।भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का नया गाना रिलीज हो गया है। भोजपुरी सॉन्ग गिर गईल नथिया बरतिया में यूट्यूब पर आया है और इसमें गोल्डी की आवाज और माही का डांस दोनों ही दर्शकों के दिल जीत रहे हैं। इस गाने के बोल जितने मजेदार हैं, उतने ही शानदार तरीके से इस फिल्माया भी गया है।वैसे भी इन दिनों भोजपुरी सिनेमा में मरून कलर सड़िया की धूम है।उसी बीच यह गाना भी काफी उम्मीदें लेकर आया है। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का भोजपुरी सॉन्ग गिर गई।



# 'किंग' में अभिषेक होंगे विलेन...

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान के फैंस उनकी अगली फिल्म के बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते कुछ वक्त से चर्चा है कि वह अपनी अगली फिल्म में बेटी सुहाना के साथ नजर आएंगे, जिसका नाम किंग है। फिल्म किंग में पहली बार बाप-बेटी की यह जोड़ी नजर आने वाली है। अभिषेक बच्चन फिल्म किंग में शाहरुख खान के सामने विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। इस बात की पुष्टि अभिषेक के पिता अमिताभ बच्चन ने की है। अमिताभ बच्चन ने रिएक्शन देते हुए पोस्ट में बेटे अभिषेक को बधाई दी और लिखा, शुभकामनाएं अभिषेक.. यह समय है !!! सोशल मीडिया पर बिग बी का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। एक्टर के फैंस पोस्ट को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

टीवी मसाला



# बिग बॉस ओटीटी सीजन-3 में हुआ शॉकिंग नॉमिनेशन

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में इस हफ्ते एक वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है, जो कि सिंगर अदनान शेख हैं। घर में एंट्री करते ही आपने देखा कि उन्होंने विशाल पांडे को चांटा मारने वाले मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए लवकेश कटारिया पर एक तंज कसा। वहीं, इसके चलते काफी बवाल भी देखने को मिला। लेकिन अब बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का इस हफ्ते का शॉकिंग नामिनेशन देखने को मिला। दरअसल, खबरें हैं कि इस हफ्ते केवल एक ही कंटेस्टेंट नॉमिनेट हुआ है, जो और कोई नहीं बल्कि वाइल्ड कार्ड एंट्री अदनान शेख हैं। लेकिन इसके बाद आखिर में ट्विस्ट देखने को मिला है। बिग बॉस तक के अपडेट के अनुसार, इस हफ्ते का बिग बॉस नॉमिनेशन टास्क कैंसिल हो गया है। वहीं, इसके चलते अदनान शेख सिर्फ ऐसे कंटेस्टेंट है, जिसे की नॉमिनेट किया गया है। लेकिन बिग बॉस ने एक खेल खेला है और उन्हें रणवीर शौरी और विशाल पांडे के साथ अदनान को बाहर वाला बना दिया है, जिसके नियम के मुताबिक अदनान शो से बाहर नहीं हो सकते हैं।

## 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए कुमकुम और सुमित

**नई दिल्ली।** टीवी पर सबसे ज्यादा चर्चित शो 'कुमकुम' लोगों का फेवरेट था। जूही परमार और हुसैन कुवाजेरवाला ने कुमकुम और सुमित के रोल में लोगों के दिलों में इस कदर जगह बना ली कि आज भी उन्हें देखकर वो उतना ही खुश होते हैं। एक बार फिर से 22 साल बाद दोनों सिजलिंग अवतार में वापस आ गए हैं।'कुमकुम' भारतीय टेलीविजन पर सबसे फेमस शोज में से एक रहा है और इसे पूरे 22 साल हो चुके हैं। जूही परमार और हुसैन शो के जरिए एक घरेलू नाम बन गए, जो दोपहर के बैच में टीआरपी और स्लॉट लीडर था। 7 वर्षों तक राज करने वाला यह शो 2009 में लगभग 1500 एपिसोड के साथ बंद हो गया। 'कुमकुम' के 22 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, जूही परमार ने कुछ दिन पहले टाइटल ट्रैक डाला था, जो करीब 20 मिलियन व्यूज के साथ वायरल हो गया है।



# 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने किया ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म लॉन्च

**मुंबई।** मनमोहक और जादुई यथार्थ से ओत-प्रोत फिल्म 'फेयरी फोक' के निर्माताओं ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट, www.fairyfolkthefilm.com के ज़रिये एक रोमांचक घोषणा की है। उनके अनुसार ये वेबसाइट अब एक ऑनलाइन वितरण प्लेटफॉर्म की भूमिका भी निभाएगी। जहां दर्शक सीधे इस फिल्म को देख सकेंगे और बदले में उन्हें भरनी होगी अपनी मनपसंद राशि। यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रयोग है, जो फिल्म वितरण के एक नए मॉडल की शुरुआत भी है। करण गौर द्वारा निर्देशित और रसिका दुग्गल और मुकुल चड्ढा द्वारा अभिनीत 'फेयरी फोक' को मार्च 2024 में सीमित थिएटर रिलीज मिला था। मौखिक प्रचार के माध्यम से लोकप्रियता हासिल करने के बावजूद, फिल्म को महत्वपूर्ण वितरण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण सिनेमाघरों से इसे समय से पहले हटाना पड़ा। जब स्वतंत्र फिल्मों के प्रदर्शन की बात चलती है तो डिजिटल प्लेटफार्मों की अनिच्छा भी साफ़ ज़ाहिर होती है। इन्ही चुनौतियों के जवाब में 'फेयरी फोक' की टीम ने अपनी वेबसाइट पर फिल्म को पेश करके एक अभिनव दृष्टिकोण को अपनाया है। यह प्लेटफ़ॉर्म दर्शकों को किसी भी राशि का भुगतान करने की अनुमति देता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई अपनी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना फिल्म का आनंद ले सके।




# जगदीश राज को देख पुलिसवाले भी करते थे सैल्यूट, 144 फिल्मों में बने अफसर

नई दिल्ली। कुछ एक्टर अपनी जबरदस्त एक्टिंग और किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। 1970 और 80 के दशक में कई ऐसे एक्टर हुए जिन्हें दर्शक एक ही रोल में बार-बार देखना चाहते थे। पुलिस अधिकारी के किरदार से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले एक्टर जगदीश राज को लेकर दर्शकों में कुछ इसी तरह की दीवानगी थी. जिसका नतीजा यह हुआ कि इस टैलेंटेड एक्टर ने दो-चार नहीं बल्कि 144 फिल्मों में सिर्फ पुलिस अधिकारी का रोल निभाया। पर्दे पर 144 बार पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है।

बॉलीवुड के साथ-साथ जगदीश राज के काम से हॉलीवुड डायरेक्टर्स भी प्रभावित थे। बताया जाता है कि हॉलीवुड के एक कास्टिंग डायरेक्टर ने जगदीश के काम से प्रभावित होकर एक्टर से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद गिनेज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की जांच टीम को बुलाया गया। 144 फिल्मों में एक जैसा किरदार (पुलिस अफसर का किरदार) निभाने के लिए एक्टर जगदीश राज खुराना का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस तरह मोस्ट टाइपकास्ट एक्टर का रिकॉर्ड एक्टर जगदीश राज के नाम है।जगदीश राज की बेटी अनीता राज हैं जो धर्मेंद्र के साथ नौकर बीवी का फिल्म में नजर आ चुकी हैं।



## कभी भी नहीं कटता था चालान

पुलिस के किरदार ने उन्हें ऐसी पहचान दिलाई कि एक्टर को सड़क पर देखकर पुलिस वाले भी सलाम करते थे। ऐसा कहा जाता है कि जगदीश राज पहले ऐसे बॉलीवुड एक्टर थे जिनकी सिक्योरिटी चेकिंग नहीं होती थी। पुलिसवालों के लिए एक्टर किसी रोल मॉडल से कम नहीं थे। यह भी बताया जाता है कि जगदीश राज का कभी भी चालान नहीं कटता था। 1992 में एक्टर ने फिल्मी करियर से संन्यास ले लिया था। 28 जुलाई 2013 को सांस की बीमारी के चलते 85 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया था।

# शम्मी ने फैलाई थी आशा पारेख से शादी की अफवाह, शत्रुघ्न के बयान थे अपमानजनक...

*अरबाज खान द्वारा होस्ट किए जाने वाला टॉक शो द इनविंसिबल्स सीरीज सीजन 2 का नया प्रोमो सामने आ गया है, जिसमें दिग्गज एक्ट्रेस आशा पारेख बतौर गेस्ट नजर आ रही हैं और अपनी पर्सनल लाइफ पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में वह बॉलीवुड में अपने सफर और बिजनेस में एक महिला होने के बारे में बताती हुई नज़र आती हैं।*

**नई दिल्ली।** अरबाज़ खान से बातचीत के दौरान वह अपने को स्टार शम्मी कपूर से अपनी कथित शादी की अफ़वाहों को मज़ाकिया अंदाज़ में बताते हुए कहती हैं, 'हां, हम शादीशुदा थे।' उन्होंने उस पल को भी याद किया जब महान गुरु दत्त ने उनकी मां को फ़ोन करके कहा था कि 'उन्हें नहीं लगता कि वह हीरोइन बन सकती हैं'। प्रोमो में एक्ट्रेस ने मजेदार किस्सा शेयर करते हुए बताया कि जब वह नाइट आउट के बाद लाल आंखों के साथ शूट के लिए सेट पर पहुंची थीं। उन्होंने कहा, मैंने अगले दिन शूट के लिए मना किया था। इसके अलावा उन्होंने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों पर भी बात की और जिक्र किया कि उनके द्वारा की गई नकारात्मक टिप्पणियों ने उनके पेशेवर संबंध को प्रभावित किया है। उन्होंने शेयर किया, 'यह ऐसा था जैसे चलो जैसा मैं चाहती हूं, वैसा ही करते हैं और फिर उन्होंने प्रेस में कुछ बयान दिए, जो उनके लिए बहुत अपमानजनक थे, मेरे लिए नहीं।' आशा पारेख ने कालिया के बाद फिल्मों में काम करना बंद कर दिया। इसके बाद एक ऐसा मौका आया कि उन्होंने एक्टिंग बंद कर दी। इशके बाद उन्होंने टेलीविजन की ओर रुख किया और गुजराती सीरियल ज्योति डायरेक्ट किया। उनकी प्रॉडक्शन कंपनी आक्रुति ने पलाश के फूल, बाजे पायल, कोरा कागज और दाल में काला जैसे सीरियल प्रोड्यूस किए. इसके बाद उन्होंने त्योहार धमाका रियलिटी शो जज किया।



# भक्ति में लीन हुए अनुष्का व विराट

**नई दिल्ली।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली उन कपल्स में से एक हैं, जो अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ को हमेशा लाइमलाइट से दूर रखते हुए नजर आते हैं। इसी बीच कपल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो कि लंदन में आयोजित एक कीर्तन का है। दरअसल, अनुष्का शर्मा ने पति विराट कोहली के साथ लंदन में यूनियन चैपल में आयोजित कृष्ण दास के कीर्तन में शिरकत की थी, जिसकी कुछ तस्वीरें भी इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस ने शेयर की थी। लेकिन इसी इवेंट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कपल भक्ति में लीन होते हुए नजर आ रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

## रोड के गढ्ढो को पाटने में लापरवाही पड़ रही भारी



**पुसौर।** आवागमन में हो रहे व्यवधान के साथ साथ दुर्घटनाओं का अंदेषा को अवगत कराते हुए रोड में हुए गढ्ढों की खबर लगातार प्रमुखता से लाया गया। जिसमें विभाग ने गढ्ढो को पाटने तत्परता तो दिखाई लेकिन यह तत्परता सुविधा दिलाने के बजाय और ही आंखों की किरकिरी बनी हुई है। तहसील मुख्यालय पुसौर के बाजार चैक से बोरोडिपा तक का रोड काफी जर्जर होने से विभाग द्वारा गढ्ढो को पाटने सीमेंट गिट्टी व बालू से सनी मटेरियल कई जगह डंप्प किया गया और उसे समतल न किया जाकर वैसे छोड दिया गया जिससे सीमेंट बालू की धूल उड़ रही है और वह आंखों की किरकिरी बनी हुई है जबकि डंप करने के बाद तुरंत ही उसे फैलाने के बाद पानी डालकर उसे जमाया जा सकता लेकिन ऐसा नहीं किया गया और वह पिछले 2 दिन से वैसे ही पड़ा हुआ है जो वाहनों के रफ्तार से उड़ रहा है जिससे ज्यादातर वाहन रूक रूक के चल रहे हैं और आवागमन बाधित हो रहा है।

**आम सूचना**

समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है की देवेश कुरल, पिता–मुरलीधर कुरल, निवासी– ग्राम राजपुर तेह– लैलूंगा, जिला रायगढ़ जो की हमारी एजेंसी AS ASSOCIATES में लैलूंगा पत्थलगांव क्षेत्र में बजाज गाड़ी का किस्त का कलेक्शन का कार्य करता था. अभी कलेक्शन का कार्य नहीं कर रहा है, अतः देवेश कुरल को कोई भी क़िस्त का भुगतान न करे, अन्यथा एजेंसी की या कंपनी की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

नाम
AS ASSOCIATES
नंबर: +917713511858

### बस्ती बसने के बाद सांठ-गांठ, अवैध को वैध बनाने का खेल

# पहले कब्जा, फिर बेचान और फिर आगे किराए पर देने का गोरखधंधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बेशकीमती सरकारी जमीन को हथियाने के लिए एक से बढकर एक रास्ते भू माफियों ने निकाल लिए हैं। इस खेल में जिमेदारों की चुप्पी तो संजीवनी का काम कर ही रही है, साथ ही सांठ.गांठ के खेल से भी निराशाजनक स्थिति बन रही है। शहर के समीप करीब आधा दर्जन ग्रामीण क्षेत्रों में बेशकीमती जमीन को हथियाने का खेल किसी से छिपा नहीं हैं। पड़ताल में यह बात भी सामने आ रही है कि सरकारी जमीन को हथियाने में भू माफियाओं ने कई रास्ते निकाल लिए हैं साथ ही इस अवैध कारोबार में नेता, माफिया और प्रशासन की तिकडी काम कर रही है।

- ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कब्जों के कारण सिमटते जा रहे हैं चारागाह

जानकारी के मुताबिक़ शहर के आस पास खाली सरकारी जमीन पर कब्जे के गोरखधंधे से जुड़े लोग सरकारी जमीन पर कब्जा करने के बाद उसे दूसरे को बेच रहे हैं और यदि खरीदने वाले को आशियाना उजडऩे की आशंका होती है तो वे उसे किराए पर ही दे देते हैं।



### नेता, माफिया और प्रशासन का गठजोड़

शहर का सौन्दर्य खराब करने एवं आवागमन बाधित करने वाले अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई अब राजनीति की भेंट चढ़ गई। अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालनी शुरू कर दी। जहां ग्राम पंचायत में आगे की तारीख लेने के साथ राजस्व भूमि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की जिम्मेदारी प्रशासन पर डाल दीए वहीं नगर प्रशासन अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की बताकर पीछे हट रहा। जबकि पुलिस प्रशासन एवं ग्राम पंचायत की सूचना मिलने में अनभिज्ञता जता रहे।

### करोड़ों की जमीन पर कब्जा

अतिक्रमी पत्थर व पट्टियां डालकर अवैध कब्जे जमा रहे है। गांव में सरकारी भूमि हो या गोचर अथवा तालाब की भूमि हर जगह अतिक्रमियों ने बड़ी संख्या में अतिक्रमण किए गए है। सरकार की करोड़ों रुपए की भूमि अतिक्रमणकारियों के गिरफ्त में जा चुकी है। गांव सहित आसपास क्षेत्र की ओरण, आम रास्तो के साथ-साथ गलियों में भी अतिक्रमण दिनोंदिन बढते जा रहे है।

### जुर्माना वसूला जाएगा

शासकीय मद में दर्ज भूमि की अवैध खरीदी बिक्री मे जाँच बाद पूर्व कोटवार सहित दलालो पर एफ आई आर होगी तथा अवैध कब्जाधारियों को बेदखल करते हुए जुर्बाना भी वसूला जाएगा।

**-लोमेश मिरी**
तहसीलदार रायगढ़

## सफाई और रख-रखाव के अभाव में बदहाल बस स्टैंड

**रायगढ।** शहर का एकमात्र सबसे बड़ा बस स्टैंड सफाई और रख रखाव के अभाव में बदहाल नजर आने लगा है। बस स्टैंड परिसर से लेकर यात्री प्रतिक्षालय तक में गंदगी और अव्यवस्था का आलम है। बस एजेंटों का पूरे परिसर में कब्जा होने से यात्री परेशान हो रहे हैं।

यात्रियों के ठहरने की जगह पर कहीं व्यवसायिक अतिक्रमण तो कहीं अनाधिकृत टू व्हीलर पार्किंग स्टैंड बन गया है। बस एजेंटों द्वारा यात्रियों से भी बदसलूकी की खबरें आए दिन सामने आती रहती हैं। वहीं मच्छर, बदबू और चूहों के आतंक से बस स्टैंड में यात्री रोजाना परेशान हो रहे हैं। विडंबना यह है कि इस समस्या का समाधान करने की दिशा में निगम प्रशासन भी रुचि नहीं दिखा रहा। गौरतलब है कि केवडाबाडी बस स्टैंड से हर दिशा के लिए बसें परिचालित होती हैं। ऐसे में यहां पूरे दिन यात्रियों की भीड़ रहती है लेकिन निजी सबों में मनमाना किराया देकर यात्रा करने वाले इन यात्रियों को



- नगर निगम के इंतजाम नाकाफी, गंदगी और असुरक्षा के बीच यात्रा की मजबूरी

बस स्टैंड पर ठहरने तक के इंतजाम नाकाफी हैं। सुरक्षा का अभाव और अराजक तत्वों की हर वक्त मौजूदगी यात्रियों को हमेशा भयभीत रखती है तो वहीं केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के यात्री प्रतिक्षालय से लेकर पूरे परिसर में व्याप्त गंदगी और प्रतिक्षालय की दुर्दशा को लेकर यात्री और स्थानीय लोगों में रोष है। उन्होंने प्रशासन से बस स्टैंड की सफाई और रखरखाव के लिए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

## धोखाधड़ी का आरोपी मेमेंटो ग्रुप आफ सरिया का डायरेक्टर अंबिकापुर से गिरफ्तार

**सरिया।** पीजीडीसीए कोर्स और डिग्री देने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले मेमेंटो ग्रुप आफ सरिया का डायरेक्टर दयानिधि सदावर्ती को पुलिस ने अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर टेक्निकल डिग्री के नाम पर कई लोगों को ठगने का आरोप है।

मिली जानकारी के मुताबिक 14 मई 23 को प्रार्थी प्रदीप कुमार सिदार निवासी ग्राम बोंदा थाना पुसौर जिला रायगढ छग के द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ थाना सरिया आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि मेमेंटो ग्रुप आफ सरिया के डायरेक्टर दयानिधि सदावर्ती पिता भागीरथी सदावर्ती उम्र 39 वर्ष निवासी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छग के द्वारा अपने कम्प्युटर कोर्स संस्थान में पीजीडीसीए कोर्स की डिग्री दिलाने के नाम पर कुल 34 विद्यार्थीयों से 8000-8000 रूपए



कुल राशि 272000 रूपए को लेकर विद्यार्थियों को परीक्षा से वंचित कर उनके साथ ठगी एवं धोखाधडी कर फरार हो गया है। उपरोक्त रिपोर्ट पर थाना सरिया में आरोपी दयानिधी सदावर्ती के विरूद्ध धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। मामले का आरोपी दयानिधी सदावर्ती अपराध कायमी के पश्चात से लगातार अपने सकुनत से फरार चल रहा था। जो श्रीमान पुलिस अधीक्षक सारंगढ बिलाईगढ पुष्कर शर्मा के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर चंदेल तथा एसडीओपी अविनाश मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना स्तर पर टीम तैयार कर सायबर सेल की मदद से अम्बिकापुर जिला सरगुजा छग में दबिश देकर आरोपी को पकडा गया। जिसे अपराध के संबंध में पुछताछ करने पर जुर्म कारित करना स्वीकार किया। जो आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 17 जुलाई को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद यादव प्रआर अर्जुन पटेल, भुवनेश्वर पण्डा, सत्यम मंडलोई, आर राजकुमार साव, विजय साहू तथा सायबर सेल प्रभारी सउनि रामकुमार मानिकपुरी का सराहनीय योगदान रहा।

### 22 लीटर प्लास्टिक पाऊच महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर इंदिराआवास तुमीडीह में भरत सागर के मकान पर दबिश दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि भरत सागर अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है। रेड दौरान घर में मिले भरत सागर को शराब बेचने के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर शराब बिक्री करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से 250-250 एम एल 39 नग पन्नी पाउच एवं 500-500 एम एल 18 नग पन्नी पाउच शराब तथा एक पीला रंग के प्लास्टिक डिब्बा में करीब 04 लीटर महुआ शराब जुमला 22 लीटर कीमती 2,200 का जब्त किया गया है। आरोपी भरत सागर पिता शत्रुघन सागर उम्र 34 वर्ष निवासी इंदिराआवास तुमीडीह थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक विनीत तिर्की, आरक्षक बालचंद राव, धर्मेन्द्र सिंह और अभिषेक द्विवेदी शामिल थे।

## खुड़खुड़िया पट्टी पर जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेंगारी में रथ मेला का आयोजन किया गया था। शांति व्यवस्था के लिये थाना घरघोड़ा की पेट्रोलिंग भ्रमण पर थी। इसी दरमियान पुलिस पेट्रोलिंग को मुखबीर से रथ मेले में कुछ व्यक्तियों द्वारा खुडखुडिया पट्टी पर जुआ खेलाने की सूचना दी गई। तत्काल घरघोड़ा पुलिस की टीम द्वारा मेले में जुआ खेलाने वालों की घेराबंदी किया गया, मौके पर जुआ खेलने वाले भागे, पुलिस ने खुडखुडिया पट्टी पर जुआ खेलाने वाले 04 व्यक्तियों को पकड़ा जिनसे खुडखुडिया जुआ सामाग्री- खुडखुडिया पट्टी, बांस के टोकरी, गोटी और जुआ रकम 1560 एवं 02 मोबाइल की जप्ती की गई है। गिरफ्तार आरोपी खगेश्वर पटेल पिता छबीलाल पटेल उम्र 32 वर्ष, सरोज यादव पिता मसत राम यादव उम्र 35 वर्ष, चैतन पटेल पिता कुमार पटेल उम्र 24 वर्ष सभी ग्राम भेंगारी, थाना घरघोडा, श्रवण विशाल पिता हेमलाल विशाल उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम डहोली थाना लुण्डा जिला सरगुजा हामु ग्राम भेंगारी, थाना घरघोडा जिला रायगढ़ के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई किया गया है।

**टॉप इन रायगढ़**

**ADMISSION GUIDENS 2024-25**

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12 th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146

TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
NOW OPEN IN
RAIGARH





SATYA 25 YEARS OF TRUST
Satya AUTO PVT. LTD. | CONTACT - 9109194894
Address - NH-49, Odisha Road, Banjipali, Raigarh (C.G.) - 496001
@SATYAAUTOPVTLTD @SATYA_AUTO_PVT_LTD 9109980227 WWW.SATYAAUTO.COM